भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 556
25 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

यातायात की समस्याओं के लिए उपाय

556. **श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के शहरों में यातायात की बढ़ती समस्याओं को हल करने के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समाधान तैयार किए गए हैं;

(ख) क्या हाल ही में निर्मित अनेक फ्लाइओवरों का सार्वजनिक परिवहन के लिए उपयोग नहीं किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग) : यातायात नियोजन शहरी नियोजन का हिस्सा है जो राज्य का विषय है। इस प्रकार, यातायात की योजना एवं प्रबंधन, संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी)/शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) द्वारा किया जाता है। हालाँकि, इस मंत्रालय ने राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति (एनयूटीपी) 2006 और राष्ट्रीय परिवहन उन्मुख विकास (टीओडी) नीति जारी की है जो शहरों/राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए विभिन्न परिवहन संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए स्थायी उपाय अपनाने हेतु मार्गदर्शक दस्तावेज हैं।

*****